22/2/2021

पत्रावली आज वास्ते निर्णय/आदेश पेश हुयी। वकील वादी उप0। पत्रावली में बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है। दौराने बहस वकील वादी ने वाद पत्र में अंकित तथ्यों को दोहरान करते हुए कथन किया था कि वादी का सही नाम अब्दुल मजीद खॉ है। परन्तु पैतृक भूमि में पिता मुंशी खॉ की मृत्यु होने पर राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी का गलत नाम लीला खॉ दर्ज किया गया। अतः वाद पत्र स्वीकार किया जाकर वादी का सही नाम अब्दुल मजीद खॉ पुत्र मुंशी खॉ वादग्रस्त आराजी में दर्ज किया जावें। वादी ने वाद पत्र के समर्थन में वादी के भाई मुनीर खॉ व फकीर मोहम्मद का लिखित एवं तस्दीक शुदा शपथ पत्र व प्रमाण पत्र सरपंच ग्राम पंचायत, राशनकार्ड, जन आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पास बुक, पहचान पत्र, आधार कार्ड की प्रतियां पेश की।

बहस पर मनन व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड, दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। जिससे जाहिर है कि विवादित आराजी के राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम लीला खॉ अंकित है। वादी का कथन कि वादी का नाम का सही नाम अब्दुल मजीद खॉ है की पुष्टि प्रमाण पत्र सरपंच ग्राम पंचायत, राशनकार्ड, जन आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पास बुक, पहचान पत्र, आधार कार्ड से होती है तथा वादी के भाई मुनीर खॉ व फकीर मोहम्मद के लिखित एवं तस्दीक शुदा शपथ पत्र से भी इस तथ्य की पुष्टि हीती है। इस प्रकार प्रस्तुत रिकॉर्ड, दस्तावेजात से वादपत्र वादी साबित है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Brejesh Kumar
Date: 2021.02.27 14:24:31 IST
Reason: SelfAttested

बृजेश कुमार
(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना
एवं
सहा० कलक्टर
(फा० है०)
नीमकाथाना

मुकाम

सहायक कलक्टर (फा0ट्रे0) नीमकाथाना

बनाम

अब्दुल मजीद खॉ

नं. भूमिधारी सन्

प्रार्थना पत्र घोषणा 88 रा0का0अ0 39/2020

हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
आदेश उपरोक्त विवेचन के आधार पर दावा वादी डिक्री किया जाता है तथा राजस्व ग्राम मोठूका पटवार हल्का मोठूका स्थित भूमि खाता संख्या 408, 409, 410, 411 में दर्ज खातेदार लीला खॉ के स्थान पर अब्दुल मजीद खॉ दर्ज कर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद के आदेश दिये जाते हैं। शेष इन्द्राजात बदस्तूर रहे। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद हेतु पर्चा डिक्री मुर्तीब हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Brejesh Kumar Date: 2021.02.27 14:24:31 IST Reason: SelfAttested (बृजेश कुमार) सहायक कलक्टर (फा0ट्रे0) नीमकाथाना (बृजेश कुमार) सहायक कलक्टर (F.T) नीमकाथाना (सीकर) राज.	